कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-14.05.2025

विषयः- चोरी की मोटर साइकिल के साथ 3 नफर अभियुक्त थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"आपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आज दिनांक 14.05.2025 समय 04.55 बजे रिंग रोड आजमगढ़ अण्डर पास के चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्तगण 1. रवि प्रजापति पुत्र नरेश प्रजापति निवासी ग्राम अमदही थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ 2. मुकेश प्रजापति पुत्र सभापति प्रजापति निवासी बेलवाना थाना बरदह जनपद आजमगढ़ 3. आलोक यादव पुत्र चन्द्रदेव यादव निवासी ग्राम रानीपुर पोस्ट सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0- 133/2025 धारा 317(2), 317(5) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि कुछ दिन पहले शादी में भेलुपुर के एक लान में गये हुए थे शादी में खाना खाने के बाद वापस आते वक्त वहीं से एक मोटरसाइकिल हम तीनों लोग मिलकर चुरा लिए जो मुकेश प्रजापति की चाभी से खुल गया था। यह वही गाड़ी है जिस पर बैठकर हम लोग आज आजमगढ़ जा रहे थे, और पकड़ लिये गये।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. रवि प्रजापति पुत्र नरेश प्रजापति निवासी ग्राम अमदही थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ उम्र लगभग 25 वर्ष।
2. मुकेश प्रजापति पुत्र सभापति प्रजापति निवासी ग्राम बेलवाना थाना बरदह जनपद आजमगढ़ हाल पता पंकज के मकान मे किरायेदार प्रेमचन्द्र कालोनी पाण्डेयपुर आजमगढ़ उम्र लगभग 25 वर्ष।
3. आलोक यादव पुत्र चन्द्रदेव यादव निवासी ग्राम रानीपुर पोस्ट सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र लगभग 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मोटरसाईकिल वाहन संख्या UP 65 CW 9827 चेचिस नं0 MBLHAR187HHK34352

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

रिंग रोड आजमगढ़ अण्डरपास के पास दिनांक 14.05.2025 समय करीब 04.55 बजे।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

<u>अभियुक्त रवि प्रजापति-</u>

1-मु339 0अ0सं0/ धारा 2022419, 420, 467, 468, 471, 506 भाथाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ .वि.द.।

2- मु0अ0सं0- 133/2025 धारा 317(2), 317(5) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>अभियुक्तगण मुकेश प्रजापति व आलोक यादव-</u>

1- मु0अ0सं0- 133/2025 धारा 317(2), 317(5) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-</u>

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उ0नि0 उमेश कुमार राय, उ0नि0 विद्या सागर, हे0का0 हीरा लाल यादव, हे0का0 सिद्धार्थ कुमार राय, का0 मनीष कुमार तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।